जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रेषक :
सम्बद्धता विभाग,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

ग्राम : यूनिवर्सिटी
दूरभाष : (0751-244228 (कार्यालय)
ई-मेल : E-mail : jiwajidcdc@gmail.com

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2025/ 17892 दिनांक : 31.01.25

प्रति,

अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य
समस्त अशासकीय महाविद्यालय
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर

विषयः- महाविद्यालय के भवन, भूमि आदि के दस्तावेजों का प्रमाणीकरण संबंधित नगर निगम, नगर पंचायत, जिला पंचायत, नगर परिषद् एवं जिले के राजस्व अधिकारी से प्राप्त किये जाने के संबंध में।

महोदया/महोदया,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि, आगामी माह में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों का सत्र 2025-26 की सम्बद्धता हेतु निरीक्षण संम्पादित कराया जाना है।

उक्त संबंध में समस्त अशासकीय महाविद्यालयों के अध्यक्ष/सचिव/प्राचार्य को निर्देशित किया जाता है, कि वे **महाविद्यालय की भवन, भूमि आदि के दस्तावेजों का प्रमाणीकरण संबंधित नगर निगम, नगर पंचायत, जिला पंचायत, नगर परिषद् एवं जिले के राजस्व अधिकारी (जो लागू हो) से प्राप्त करें तथा निरीक्षण के दौरान निरीक्षण समिति** को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें। उक्त संबंधित अभिलेख/रिकॉर्ड महाविद्यालय में संधारित करें।

भवन, भूमि संबंधी दस्तावेजों का प्रमाणीकरण संबंधित विभागों के सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त नहीं किये जाने एवं निरीक्षण के दौरान उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2025-26 की सम्बद्धता पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा एवं भवन भूमि के संबंध में भविष्य में प्रकट होने वाली किसी भी प्रकार की वैद्यानिक कार्यवाही हेतु महाविद्यालय प्रबंधन/समिति स्वयं जिम्मेदार होगा।

विशेष नोटः- यहाँ यह भी उल्लेखनीय है, कि भवन एवं भूमि संबंधी समस्त दस्तावेजों के सत्यापन हेतु विश्वविद्यालय सक्षम प्राधिकारी नहीं है। अतः महाविद्यालय अनिवार्य रूप से भवन भूमि संबंधी प्रमाणीकरण सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुडा भवन, भोपाल, म.प्र.।
2. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, ग्वालियर-चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा कम्पू, लश्कर ग्वालियर।
3. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. प्रभारी, आई.टी. सेल, विश्वविद्यालयीन वेबसाईट पर प्रसारित हेतु।

निदेशक,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्

Disk:E-Tarun Shrivastava/All Letter's 2025-26/D.C.D.C./J.U